क्या प्रतिक्रिया है और उसे रोकने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

विदेश मन्त्रालय में उप मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) जी, हाँ ।

(ख) ये किसी खास सोवियत टीकाकार के विचार है जैसा कि सोवियत साप्ताहिक 'न्यू टाइम्स' द्वारा प्रकाशित किये गए थे। उनके संबध में सरकार को किसी प्रकार की टीका-टिप्पणी नही करनी है ।

पूर्वी बंगाल में पाकिस्तानी सेना द्वारा विनष्ट की गई भारतीय सम्पत्ति

15. **श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वी बगाल मे चल रहे स्वाधीनता संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा कितनी भारतीय सम्पत्ति विनष्ट कर दी गई है,

(ख) पाकिस्तानी सेना द्वारा, मारे गये, घायल हुए तथा अपहरण किये गये भारतीय नागरिकों, सीमा सुरक्षा दल के जवानो तथा प्रेस संवाददाताओ की संख्या क्या है; और

(ग) इस सबध मे सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

विदेश मन्त्रालय में उप मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) पता नही ।

(ख) 18 मई, 1971 तक प्राप्त सरकारी सूचना के अनुसार पाकिस्तानी सेना द्वारा मारे गये, घायल और अपहरण किये गये भारतीय नागरिकों की संख्या क्रमश. 38, 19 और 14 है ।

(ग) सरकार ने भारतीय जन एवं भारतीय सम्पदा की हानि से सबधित सभी घटनाओं के प्रति पाकिस्तान सरकार को विरोध भेजा है ।

भारतीय उप उच्चायुक्त के ढाका में कार्यालय का बंद किया जाना

16. **श्री हुकम चंद कछवाय** :
श्री मूलचंद डागा :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने ढाका स्थित अपने उप उच्चायुक्त के कार्यालय को बंद कर दिया है; और

(ख) यदि हाँ, तो ऐसा करने के क्या कारण है ?

विदेश मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) और (ख). पाकिस्तान सरकार के अनुरोध पर ढाका मे भारत के उप हाई कमिश्नर के कार्यालय को बद कर देना पडा और उसके परिणामस्वरूप सरकार ने कलकत्ता मे इसके मिशन को बंद करने का निश्चय किया ।

दिल्ली में विजय घाट, राजघाट तथा शान्तिवन पर व्यय

17. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या विजय घाट, राजघाट और शांतिवन स्मारको का निर्माण कार्य इस बीच पूरा हो गया है;

(ख) इन स्मारको पर केन्द्रीय सरकार द्वारा अब तक कुल कितनी राशि खर्च की गई है;

(ग) वर्ष 1971-72 मे इस शीर्षक के अन्तर्गत कुल कितनी राशि का उपबंध किया गया है, और